# महाकुंभ के लिए 34 देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों को न्योता

## 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होगा आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। पर्यटन विभाग ने प्रयागराज में अगले साल 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ में शामिल होने के लिए 34 देशों के राजनायिकों, राजदूतों व उच्चायुक्तों को निमंत्रण भेजा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भारत स्थित विभिन्न देशों के राजदूतों को पत्र भेजा गया है।

इनमें नेपाल, मारीशस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, मलयेशिया, गुयाना, कनाडा, कंबोडिया, दक्षिण अफ्रीका, त्रिनिदाद व टुबैगो, नीदरलैंड, फ्रांस, फीजी, सूरीनाम, यूनाइटेड किंगडम रियूनियन, सिंगापुर, यूएसए, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, केन्या, इटली और जमैका शामिल है।

सेशेल्स, स्पेन, यूक्रेन, यूथोपिया, जांबिया, मेडागास्कर, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, म्यांमार, जर्मनी व भूटान को भी पत्र भेजा गया है। इसमें आग्रह किया गया है कि वे भारत की सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले अपने देश के श्रद्धालुओं को महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। महाकुंभ में लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

## सुरक्षा में तैनात होंगे 60 हजार पुलिसकर्मी

लखनऊ। डीजीपी मुख्यालय ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए सभी कमिश्नरेट व रेंज से पुलिस बल मुहैया कराने को कहा है। एडीजी स्थापना संजय सिंघल की ओर से भेजे गए पत्र के मुताबिक महाकुंभ में करीब 60 हजार पुलिसकर्मियों को तीन चरणों में तैनात किया जाना है।

उन्होंने पहले चरण के लिए 10 अक्तूबर, दूसरे चरण के लिए 10 नवंबर और तीसरे चरण के लिए 10 दिसंबर तक पुलिसकर्मियों के नाम भेजने का निर्देश दिया है। ये पुलिसकर्मी प्रयागराज में कुंभ मेला क्षेत्र, प्रयागराज कमिश्नरेट और प्रयागराज जीआरपी को मुहैया कराए जाएंगे। प्रत्येक चरण में 19,957 निरीक्षक से लेकर आरक्षी तक को चयनित किया जाना है। इसके लिए कमिश्नरेट और रेंज से भी पुलिस बल मुहैया कराने को कहा गया है। पहले चरण में कुल संख्या का 10 फीसदी, दूसरे चरण में 40 और तीसरे चरण में 50 फीसदी पुलिसकर्मी कमिश्नरेट और जिलों से भेजे जाने हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में राजपत्रित अधिकारियों को भी प्रयागराज भेजा जाएगा। इसके अलावा महाकुंभ में 1,405 यातायात कर्मी भी तैनात किए जाएंगे। ब्यूरो

## आस्था स्पेशल की तरह चलेंगी 1000 स्पेशल ट्रेनें

लखनऊ। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए चलाई गईं आस्था स्पेशल ट्रेनों की तरह महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज के लिए चलाई जाएंगी। इससे यात्रियों को खासी राहत मिलेगी। श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्टेशन का कायाकल्प भी किया जाएगा।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसे देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर तमाम तैयारियां व निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों को लाने-ले जाने के लिए एक हजार से अधिक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों को चलाने की तैयारी है। तीन स्टेशनों पर यात्रियों को रोकने के लिए होल्डिंग एरिया भी बनाया जाएगा। इनकी कलर कोडिंग होगी। होल्डिंग एरिया में 5200 यात्रियों के रुकने के इंतजाम होंगे। होल्डिंग एरिया यात्रियों की आवाजाही के अनुसार बनेंगे। यहां डॉक्टरों व मेडिकल स्टोर्स एवं बेबी फीडिंग सेंटरों की सुविधा के साथ हेल्पडेस्क भी बनेगी। ब्यूरो

### रेलवे ने जारी किया अपना टोल फ्री नंबर

प्रयागराज। महाकुंभ मेले में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने पहली बार टोल फ्री नंबर 1800-4199-139 जारी किया है। यह नंबर एक नवंबर से सक्रिय होगा। ब्यूरो